पूर्वी टुंडी में अवैध विदेशी शराब की फैक्ट्री में छापा, नकली शराब समेत भारी मात्रा में सामान जब्त

पूर्वी टुंडी थाना क्षेत्र की चुरुरिया पंचायत अंतर्गत कोल कमारडीह में शुक्रवार की शाम गुप्त सूचना के आधार पर उत्पाद विभाग ने पूर्वी टुंडी पुलिस के सहयोग से अवैध विदेशी शराब की फैक्ट्री में छापेमारी की. उत्पाद विभाग ने वहां से भारी मात्रा में नकली शराब के अलावा शराब बनाने की सामग्री और अन्य सामान बरामद किया है. सहायक उत्पाद आयुक्त संजय कुमार मेहता के आदेश के बाद घर के मालिक नागेश्वर सोरेन, कलियासोल निवासी संजय मंडल, लटानी निवासी तपन मंडल और धनबाद के बिनोद नगर निवासी सदानंद कुमार उर्फ छोटू साव के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है. सहायक उत्पाद आयुक्त श्री मेहता ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि कोल कमारडीह पहाड़ी की तलहटी में एक घर में अवैध रूप से मिनी शराब फैक्ट्री का संचालन किया जा रहा है. जिसके बाद एसआइ अमित कुमार गुप्ता और जॉय हेंब्रम के नेतृत्व में एक टीम बनायी गयी. जब टीम ने उस घर में छापेमारी की, तो सभी आरोपी फरार हो चुके थे.

Source: https://www.prabhatkhabar.com/state/jharkhand/dhanbad/raid-in-illegal-foreign-liquor-factory-in-east-tundi